From the house of
HOME CABLE
HOME NET

हिंदी
# होम टाइम्स
साप्ताहिक शनिवार
FREE COPY

RNI No. MAHHIN/2016/75969 | Post Reg. No. MNE/410/2019-21 | Volume 8 | Issue 31 | Saturday, 28th October to 3rd November 2023 | Price ~~Rs 3~~

www.hometimes.in www.facebook.com/hometimes.in www.twitter.com/hometimes_news hometimes.in write2us@hometimes.in

# मुंबई में बढ़ रहे प्रदूषण को लेकर मनपा ने जारी की नई गाइडलाइन

## ■ नई टीमों का किया गया गठन ■ नियमों का उल्लंघन करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

■ **होम टाइम्स टीम**

मुंबई में बढ़ रहे प्रदूषण को लेकर मुंबई महानगरपालिका की ओर से २७ विभिन्न दिशा निर्देशों को जारी किया गया है। मुंबई मनपा की तरफ से जारी दिशा निर्देशों का पालन निर्माणाधीन इमारतों द्वारा किया जाना चाहिए। नियमों का उल्लंघन किए जाने पर वर्क स्टॉप करने और साइट को सील करने का आदेश भी मनपा की ओर से दिया जा सकता है।

मुंबई में बढ़ रहे प्रदूषण को लेकर सोमवार तक नए दिशा निर्देश जारी करने की बात मुंबई महानगरपालिका की ओर से कही गई थी। जिसके बाद बीएमसी कमिश्नर की ओर से यह नई गाइडलाइन को जारी कर दिया गया। गाइडलाइन के अनुसार २४ वार्डों में एक विशेष टीम का गठन किया गया है। छोटे वार्ड में दो टीम, मध्य वार्ड में चार और बड़े वार्ड में ६ टीम का गठन किया गया है। इन टीम के इंचार्ज असिस्टेंट कमिश्नर होंगे। टीम में वार्ड के दो इंजीनियर, एक पुलिस, एक मार्शल और एक गाड़ी होगी। यह टीम अपने-अपने वार्ड में चल रहे निर्माणाधीन साइट का सरप्राइज इंस्पेक्शन करेगी, और इसका एक वीडियो भी बनाया जाएगा। इतना ही नहीं बिल्डरों को अब नोटिस न देकर सीधे नियमों का उल्लंघन करने पर वर्क स्टॉप का आर्डर जारी किया जाएगा। यानी बिल्डर तब तक काम नहीं कर सकेंगे।



*(शेष पेज ४ पर)*

# एसआरए इमारतों की १० साल तक बिल्डर करें देखरेख

## मनपा को दिया गया सुझाव

■ **होम टाइम्स टीम**

गोरेगांव में हुए अग्निकांड के बाद जांच कमेटी की तरफ से जांच की रिपोर्ट बीएमसी को सौंप दी गई। जिसमें १० वर्षों तक एसआरए इमारतों की देखरेख का जिम्मा बिल्डर की का होना चाहिए ऐसा सुझाव दिया गया है इसके साथ ही समय पर फायर ऑडिट , पार्किंग व्यवस्था आदि मुद्दों पर सुझाव दिए गए है। जिन पर वर्तमान समय में बीएमसी की ओर से विचार विमर्श किया जा रहा है।

कुछ दिनों पहले गोरेगांव पश्चिम स्थित एक एसआरए इमारत में लगी आग की जांच के लिए गठित कमेटी ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट बीएमसी कमिश्नर को सौंप दी। इस तरीके की आगजनी की घटना को रोकने के लिए इस रिपोर्ट में १५ उपाय योजना भी कमेटी की ओर से लिखे गए हैं। जिनमें सबसे पहले एस आर ए इमारत की देखभाल की समय सीमा ३ साल से बढ़ाकर १० साल तक किए जाने की बात कही गई है। इसी के साथ बिल्डिंग के बाहरी हिस्सों में स्टील की सीढ़ी लगाने के साथ अंदर २ मीटर से अधिक चौड़ी सीढ़ी बनाना अनिवार्य होना चाहिए। इतना ही नहीं हर साल की जून महीने में फायर ऑडिट किए जाने की बात भी कही गई है। समिति ने एसआरए भवनों में निवासियों के लिए दोपहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग के पर्याप्त आवंटन का भी सुझाव दिया है। इसके अलावा भी कई अन्य उपाय योजना इस रिपोर्ट में दिए गए हैं। बीएमसी को सौंपी की गई इस रिपोर्ट के बाद अब वर्तमान समय में इस पर अध्ययन किया जा रहा है और जल्द ही इस रिपोर्ट पर अमल किया जाएगा। आपको बता दें कि मुलुंड में भी आए दिन आगजनी की घटनाओं में इजाफा देखा जा रहा है। जिसके चलते नागरिकों के जान माल का नुकसान होता है। गोरेगांव में हुए अग्निकांड के बाद प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गई है और जल्द ही रिपोर्ट में दिए गए उपाय योजनाओं पर अमल किया जाने वाला है ।

Volume : 8 | Issue : 31 होम टाइम्स

# श्री कच्छी लोहाना महाजन मुलुंड द्वारा आयोजित नवरात्रि महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ







■ **होम टाइम्स टीम**

श्री कच्छी लोहाना महाजन मुलुंड द्वारा १४ अक्टूबर को अमावस्या घट की स्थापना की गई, जिसमें १५ अक्टूबर से २४ अक्टूबर तक दशहरा उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

अमावस्या के दिन गरबो और माताजी की स्थापना कर आरती-पूजन किया गया।

एकम (प्रथम दिन) से हर शाम सात बजे पूजा होती थी, उसके बाद पहली आरती, ८ से १० बजे तक डांडिया और फिर दूसरी आरती होती थी।

प्रतिदिन शाम सात बजे समाज के कई जोड़ों ने पूजा का लाभ उठाया, जिसके बाद बच्चों और बड़ों ने ढोल-नगाड़ों की थाप और शहनाई पर बड़े उत्साह से गरबा खेला। प्रत्येक दिन सात से आठ कलाकारों को ब्यूटी पार्लर अर्चना ठक्कर के कूपन दिए गए। रात्रि दस बजे की आरती में भी कई लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

द्वितीय नवरात्र के अवसर पर चंद्रदर्शन, दरियालाल दादा भगवान की धूप आरती- एवं इसके साथ ही दडिया प्रसाद का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर २० अक्टूबर को शाम ६:३० बजे से आरती थाली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें २०० से अधिक बहनों ने घर पर ही बहुत अच्छी आरती थाली बनाई गई।


इस आरती थाली प्रतियोगिता में जज के रूप में रोशनी सागर खाड़े (कोठारी), मीनलबेन दावड़ा और निशाबेन रावल ने बहुत मेहनत की। १५ से अधिक श्रेष्ठ आरतियों को नकद पुरस्कार दिये गये।

तथा प्रत्येक भाग लेने वाली बहन को पुरस्कार भी दिया गया। आठवें दिन २२ अक्टूबर को सायं ४ बजे से ६ बजे तक हवन का आयोजन किया गया। शाम ६.३० बजे नारियल होम के दौरान सैकड़ों लोगों ने हवन-दर्शन का लाभ लिया।










# श्री कच्छी लोहाना महाजन मुलुंड द्वारा आयोजित नवरात्रि महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ







इसी दिन शाम ७.३० बजे १५१ कुंवारी कन्याओं का पूजन किया गया तथा महाजनश्री एवं समाज के लोगों द्वारा विभिन्न उपहार एवं नकद कवर भी दिये गये।

साथ ही आज अपनी संस्कृति को जागृत रखने के उद्देश्य से पूर्व में दिये गये गरबो के साथ गरबा गीत सुनाने वाले बच्चों को नकद पुरस्कार भी दिये गये। इस पूरी प्रक्रिया को गुर्जरमात ने अंजाम दिया।

२३ अक्टूबर नोआम के दिन सायंकालीन आरती के बाद ८.३० से १०.३० बजे तक दस दिनों तक खेलकर पुरस्कार जीतने वाले खिलाड़ियों का फाइनल राउंड हुआ।

जिसमें से १६ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को श्रीजी ज्वैलर्स के अर्पितभाई ठक्कर द्वारा सोने के सिक्के दिए गए।

और हर खिलाड़ी को एक उपहार भी दिया गया। इस बीच, कमलेशभाई सचदे और निशाबेन सोनी के समूह ने लोगों को खुश करने के लिए साउंड ट्रैक पर गरबा गीत गाए।

अर्चनाबेन ठक्कर और निशाबेन सोनी ने इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई।

पूरे नवरात्र भर विभिन्न प्रकार के नाश्ते की भी व्यवस्था की गई थी। वहीं, दोपहर १२ बजे के बाद जलेबी-गांठिया का भी आयोजन हुआ।

दशहरे की शाम ७ से १० पूजा-गरबा के बाद गरबा विसर्जन किया गया।

२७ अक्टूबर की शाम ७ बजे शरदोत्सव के अवसर पर सत्यनारायण पूजा हुई और भक्तों ने ८ से १० दर्शन और दूध-पौना प्रसाद का लाभ लिया।

श्री कच्छी लोहाना महाजन - मुलुंड (ट्रस्टी गण) उन सभी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है जिन्होंने इस नवरात्रि के दौरान तन, मन और धन से सेवा की।














Volume : 8 | Issue : 31 होम टाइम्स

# सं। पा। द। की। य

**हिमांशु कोठारी**

# मुंबई में बढ़ते प्रदूषण से रहें सावधान

मुंबई में पिछले कुछ समय से प्रदूषित हवा का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा हैं। अब यह मुद्दा नागरिकों केके लिए चर्चा का विषय बन गया है। अभी तक मुंबई और उसके उपनगर वायु प्रदूषण की समस्या से दूर थे। इसके पीछे की वजह थी, इसका समुद्र किनारे बसा होना, समुद्र की तरफ से आने वाली तेज हवा प्रदूषण से मुम्बई को दूर रखती थी। लेकिन पिछले साल से शहर में सबसे ज्यादा प्रदूषण देखने को मिल रहा है। पिछले साल भी नवंबर से लेकर जनवरी में यही माहौल था। हम सभी जानते है कि आर्थिक राजधानी मुंबई में खराब हवा का मुख्य कारण निर्माण कार्य हैं। मुंबई में अभी ६ हजार से ज्यादा कंस्ट्रक्शन के काम जारी हैं। इसके अलावा मुंबई में रिफाइनरी, पावर प्लांट्स और केमिकल प्लान्ट्स हैं। जिससे वायु प्रदूषण में बढ़ोतरी हो रही है।

वैसे तो मुंबईकरो को खराब हवा से निजात दिलाने के लिए महानगर पालिका ने कई कदम उठाए हैं लेकिन उससे कोई फर्क नहीं दिख रहा है। सभी कंस्ट्रक्शन साइट पर -टख मॉनिटर करने वाले उपकरण लगाने को कहा गया है। लेकिन आर्थिक राजधानी के लोगों को इन सब उपायों के बावजूद प्रदूषण से जूझना पड़ रहा है। मुंबई में चल रही खराब हवा के कारण नागरिकों के साथ ही  बच्चों और बुजुर्गों को बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। स्मॉग के कारण सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें सांस लेने में तकलीफ होने की समस्या पैदा हो रही है। उन्हें पेट दर्द और लूज मोशन जैसी समस्याओं से भी जूझना पड़ रहा है। जिससे वो  जल्दी ही डिहाइड्रेटेड हो रहे हैं। इसके लिए अब मुंबईकरों को ही कुछ नियमों का पालन करना होगा और मुंबई में हो रहे प्रदूषण को रोकने के लिए आगे आना होगा।

- सार्वजनिक परिवहन माध्यमों का उपयोग करें।
- विशेष रूप से ई-मोबिलिटी (इलेक्ट्रिक वाहन, सार्वजनिक परिवहन सेवाओं के लिए हाइब्रिड और उछ्रः वाहन) और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग आवजाही के लिए करें।
- जो भी  इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र से जुड़े है वे पर नये प्रणालियों और तकनीकों का उपयोग करें, जैसे कि वायु गुणवत्ता मॉनिटरिंग सिस्टम आदि।
- शहर  के भीतर हरियाली को बढ़ावा दें।
- नागरिक कचरे का उचित प्रबंधन करें, जिसमें शून्य कचरा योजनाएं शामिल हों, और प्रदूषण कम हो।
- जहां अधिक प्रदूषण हो वहां मास्क का उपयोग करें।
- प्राकृतिक ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करें जैसे कि सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा, जो साफ और अस्थायी होती है।
- यदि आप अपनी गाड़ी लेकर जा रहे है तो ट्रैफिक सिग्नल पर गाड़ी बंद रखें।
- औद्योगिक क्षेत्र में रहने वाले लोग निजी वाहनों का कम प्रयोग करे और अधिक से अधिक पौधे लगाएं।

# मुंबई के हर एक वार्ड में नियुक्त की गई कमल मित्र

## आगामी चुनाव को लेकर भाजपा ने शुरू की नई मुहिम

■ **होम टाइम्स टीम**

मुंबई में आने वाले दिनों में होने वाले मनपा चुनाव, लोकसभा और विधानसभा के चुनाव को लेकर एक तरफ जहां राजनीतिक पार्टियों की ओर से नागरिकों के लिए कई सुविधाओं को शुरू किया जा रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ महिलाओं के लिए भी विशेष कमल मित्र मुहिम की शुरुआत भारतीय जनता पार्टी की ओर से की गई है। मुंबई में महिलाओं के वोट को आकर्षित करने के लिए इस मुहिम की शुरुआत की गई है। इस नई मुहिम के चलते महिलाओं तक केंद्र और राज्य सरकार की ओर से जारी की गई और आने वाले दिनों में जारी की जाने वाली हर एक नई पॉलिसी की जानकारी पहुंचाई जा सकेगी। मुंबई के हर एक वार्ड में महिलाएं यह कमल मित्र के तौर पर काम करेंगे। इस बात को लेकर संबंधित महिला को एक प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। भाजपा मुंबई महिला मोर्चा की ओर से २३ अक्टूबर को इसकी घोषणा कर दी गई है। मुलुंड में भी कमल मित्र की शुरुआत कर दी गई है और मुलुंड के वार्ड में इन कमल मित्र की नियुक्ति भी की जा चुकी है। ये कमल मित्र सरकारी योजनाओं को लेकर नागरिकों को जागरूक करने का कार्य करेंगी।

▸▸ पेज १ का शेष

## मुंबई में बढ़ रहे प्रदूषण को लेकर मनपा...

जब तक बिल्डर साइट पर प्रदूषण रोकने के सभी नियमों का पालन नहीं करते। इसी के साथ साथ साइट को भी सील किया जा सकता है। सभी निर्माण स्थलों पर १५ दिनों के भीतर स्प्रिंकलर और ३० दिनों के भीतर स्मोक गन सिस्टम लगाना भी अनिवार्य कर दिया गया है। अवैध रूप से डेब्रिस फेंकने वालों पर कार्रवाई के लिए असिस्टेंट कमिश्नर अपने-अपने वार्डों में विशेष टीम तैनात करेंगे और निर्माण सामग्री या डेब्रिस फेंकने वाले वाहन यदि इन नियमों का पालन नहीं करते तो वाहन को भी सील कर दिया जाएगा। इतना ही नहीं कंस्ट्रक्शन साइट पर ३५ फीट ऊंचे लोहे की चादर के घेरे अनिवार्य किए गए हैं। एक एकड़ से कम क्षेत्रफल वाले निर्माण स्थल के लिए लोहे की चादर का घेरा २५ फीट ऊंचा होगा। निर्माणाधीन भवन को हरे कपड़े/जूट की चादर/तिरपाल से घेरा जाना अनिवार्य होगा। निर्माण स्थलों को छोड़ने पूर्व और सड़क पर चलने से पहले ऐसे सभी वाहनों के टायरों को धूल हटाने के लिए अनिवार्य रूप से साफ किया जाएगा। सरकारी हो या प्राइवेट, अगर किसी भी साइट पर प्रदूषण से जुड़े नियमों का पालन करने में लापरवाही हुई तो इचउ सीधे काम रोकने का नोटिस जारी कर सकती है। इसी के साथ साथ कई अन्य दिशा निर्देश भी निर्माणाधीन साइट के लिए मनपा की तरफ से जारी कर दिया गया है। अनुमान लगाया जा रहा है कि मनपा के इन प्रयासों से मुंबई में बढ़ रहे वायु प्रदूषण को रोकने में मदद मिलेगी। एक तरफ मुंबई महानगर पालिका की तरफ से निर्माणाधीन साइट के लिए नई दिशा निर्देशों को जारी कर दिया गया। तो वही दूसरी तरफ पालकमंत्री दीपक केसरकर की तरफ से २ महीने के भीतर वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने की बात कही गई है।

# त्योहारी सीजन के बीच अब एफडीए रखेगा मिठाई की दुकानों पर नजर

## बनाई गई १३ विशेष टीमें

■ होम टाइम्स टीम

आगामी दीपावली के पर्व को लेकर एफडीए अलर्ट हो गया है और मिठाइयों में मिलावट करने वाले दुकानदारों के खिलाफ शिकंजा कसने के लिए १३ विशेष टीम में बनाई गई है। इतना ही नहीं लूज मिठाइयों पर मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपायरी डेट नहीं लिखने वाले दुकानदारों पर भी शिकंजा कसा जाएगा।

उल्लेखनीय है कि दिवाली के पर्व आने से पहले ही त्योहारी सीजन की शुरुआत हो जाती है, और इसी बीच मिठाई की डिमांड भी बढ़ जाती है। जिसका फायदा उठाकर कई बार दुकानदारों की तरफ से मिठाइयों में मिलावट की जाती है। इन मिलावटी मिठाइयों से नागरिकों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। इसी को देखते हुए अब एफडीए यानी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अलर्ट मोड पर आ गया है और १३ विशेष टीमें बनाई गई है।

जो मिलावटी मिठाई बेचने और बिना एक्सपायरी का उल्लेख वाली मिठाई बेचने वाले दुकानदारों पर शिकंजा कसेगी। इस पर एफडीए के ज्वाइंट कमिश्नर शैलेश आढ़व ने बताया कि यह टीम रिसर्च कर मिलावट खोरों पर एक्शन लेगी। इसके अलावा इस बार दुकानों में लूज में बिकने वाली मिठाइयों पर डेट ऑफ एक्सपायरी का टैग लगाया है या नहीं। इसकी भी जांच की जाएगी यह टैग न लगाने पर ३ लाख रुपए का जुर्माना भी रखा गया है।




यदि नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी।

आप को बतादें कि फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने वर्ष २०२० में सितंबर के महीने में एक विशेष नोटिफिकेशन जारी किया था। जिसके तहत लूज या अनपैक्ड मिठाई बेचने वाली दुकानदारों को मिठाई के ट्रे के आगे डेट ऑफ मैन्युफैक्चरिंग और डेट ऑफ एक्सपायरी का टैग लगाना अनिवार्य किया गया है ताकि लोगों को यह पता चल सके कि मिठाई खरीद कर कितने दिन तक वह उसे खा सकते हैं। जिससे की लोगों को इस बात की जानकारी नहीं होती और बाद में इन्हीं मिठाइयों के चलते नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है।

### दुकानदारों के साथ ही ग्राहकों को भी सावधानी बरतने के आदेश

- मिठाई बनाने वाले हलवाई खुले में मिठाई बनाने से बचें।
- फूड प्रोडक्ट्स में कारोबार करने वाले व्यवसायों को क्वॉलिटी बेहतर रखना जरुरी है।
- मिठाई में मिलावट कच्चे माल, खासतौर पर मिल्क प्रोडक्ट्स को सही तापमान पर रखने का आदेश दिया है।
- तलने वाले पदार्थ के लिए भी तेल की क्वालिटी का खास ध्यान रखना होगा।
- दुकान संचालकों को भी खुले में मिठाई बेचने के समय सावधानी बरतनी होगी क्योंकि खुले में मिठाई रखना या बनाना खाद्य सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं।
- मिल्क और प्रोडक्ट्स के लिए कच्चे माल खासकर दूध और मिल्क प्रोडक्ट्स में मिलावट की जांच पर ज्यादा जोर दिया जाना चाहिए।
- ग्राहकों ने भी खोआ, पनीर और घी खरीदते समय मिलावटी या घटिया दर्जे का तो नहीं है इसका ध्यान रखना आवश्यक है।
- दूध, खोआ, घी और पनीर आदि की खरीद केवल FSS-I से रजिस्टर्ड या लाइसेंस प्राप्त सेलर्स से ही खरीदने का आदेश दुकानदारों को दिया है।



# मुलुंड में नवरात्रि की रही धूम ,तो नम आंखों से देवी की मूर्तियों का किया विसर्जन

■ होम टाइम्स टीम



हर्ष और उल्लास के साथ ९ दिन तक मनाए गए नवरात्रि उत्सव के आखिरी दिन श्रद्धालुओं ने मंगलवार को नम आंखों के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं को मुलुंड में बने कृत्रिम तालाबों में अंतिम विदाई दी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माँ दुर्गा की विधिवत पूजा अर्चना की और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया ।

इस वर्ष सभी पर्व धूमधाम से मनाए जा रहे हैं। इसी बीच नवरात्र उत्सव को लेकर भी श्रद्धालुओं में उत्साह बरकरार था और ९ दिन तक मां दुर्गा की समय-समय पर पूजा अर्चना की गई। इसी के साथ-साथ कई पंडालों की ओर से सार्वजनिक गरबा और डांडिया का भी आयोजन किया गया था। ९ दिन के इस पर्व का समापन मंगलवार को किया गया और विजयदशमी यानी दशहरा के दिन माता की प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही घरों में स्थापित किए जाने वाले गरबा का भी विसर्जन किया गया। इस वर्ष मुलुंड पूर्व के मोरया तालाब और गणेश घाट के साथ साथ मुलुंड पश्चिम स्थित कालिदास में भी दो कृत्रिम कुंड बनाए गए थे। आंकड़ों की माने तो मुलुंड पूर्व स्थित मोरया तालाब में ८८ घरगुती मूर्ति, ६२ सार्वजनिक मूर्तियां और २२६३ गरबा का विसर्जन किया गया जबकि मीठागर स्थित गणेश घाट में १२ घरगुती गणपती और चार सार्वजनिक पंडालों की मूर्ति विसर्जित की गई। इसी के साथ-साथ इस तालाब में ७७९ गरबा का भी विसर्जन किया गया। मुलुंड पश्चिम स्थित कालिदास में बने कृत्रिम तालाब में १४ घरगुती मूर्तियां और ८७४ गरबा विसर्जित किया गया। इस दौरान मुलुंड परिसर में पुलिस का कड़ा बंदोबस्त देखा गया।

# मुलुंड में रावण दहन के लिए देखा गया जनसैलाब

■ होम टाइम्स टीम

दशहरा और विजयदशमी के अवसर पर मंगलवार को मुलुंड कॉलोनी परिसर में भी रावण दहन कर हर्षोल्लास के साथ यह पर्व मनाया गया। जिसे देखने के लिए भारी तादाद में नागरिकों का हुजूम देखा गया।

हिन्दू धर्म में दशहरा का विशेष महत्व माना जाता है। दशहरा त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह भी मान्यता है कि दशहरा के दिन भगवान राम ने रावण का वध किया था इसलिए दशहरा का पर्व मनाया जाता है। वहीं, विजयादशमी पर देवी दुर्गा ने नौ रात्रि एवं दस दिन के युद्ध के उपरान्त महिषासुर पर विजय प्राप्त किया था। इसे असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है। इसलिए इसे 'विजयादशमी' के नाम से भी जाना जाता है। मुलुंड पश्चिम में भी गणेश चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पिछले ५१ वर्षो से मुलुंड कॉलोनी में रावण दहन का पर्व मनाया जा रहा है ।

इस दौरान रावण के भव्य पुतले का दहन किया गया। जिसे देखने के लिए भारी तादाद में नागरिक भी उपस्थित थे। इस आयोजन में मुख्य उपस्थिति के रूप में मुंबई कॉंग्रेस कार्याध्यक्ष चरण सिंह सप्रा, एवं अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता, के साथ ही गणेश चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष हरविंदर अलग, उपाध्यक्ष जनार्दन वानखेड़े और नागरिक भारी तादाद में उपस्थित थे। इस दौरान राज्य के उप मुख्यमंत्री की ओर से कॉन्ट्रैक्ट भर्ती को लेकर कांग्रेस पर लगाए गए आरोप का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री को नाकाम बताया गया है और उनके इस्तीफा देने की भी मांग विरोधको की से की गई है।



# मुलुंड पूर्व और पश्चिम फुटओवर ब्रिज की मरम्मत का काम शुरू

## लोगों की आवाजाही पर रोक

■ **होम टाइम्स टीम**

मुलुंड पूर्व और पश्चिम फुट ओवर ब्रिज की आखिरकार रेलवे प्रशासन ने मरम्मत शुरू कर दी है। यह पुल खस्ता हालत में था। इस पुल की जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए ऐसी मांग की जा रही थी । उस मांग को पूरा करते हुए २० अक्टूबर से यह काम शुरू हो गया है।

मुलुंड रेलवे स्टेशन के पास पूर्व और पश्चिम को जोड़ने वाला फुटओवर ब्रिज कई सालों से चर्चा में है। परेल ब्रिज हादसे के बाद जब पुलों का ऑडिट किया गया तो खतरनाक पुलों की सूची में मुलुंड का पादचारी ब्रिज भी शामिल था। इसके बाद इस पुल की अस्थायी तौर पर मरम्मत की गई। लेकिन एक बार फिर इस फुटओवर ब्रिज की हालत खराब हो गई। इसलिए रेलवे प्रशासन इस पुल की मरम्मत में जुट गया है। २० अक्टूबर से यह पुल का मार्ग बंद है। इस जगह पर लोगों का प्रवेश वर्जित है। उम्मीद है कि आने वाली दिवाली तक पुल की पूरी मरम्मत हो जाएगी और इसे रेलवे जनता के लिए खोल दिया जाएगा।

रेलवे प्रशासन ने फुट ओवर ब्रिज बंद है ऐसा बोर्ड लगाया है। लेकिन इस बोर्ड पर ओवर ब्रिज का काम कब पूरा होगा? इसकी जानकारी नागरिकों को नहीं दी गई है। इस पुल के बंद होने से कई नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।



"मुलुंड पश्चिम से पूर्व की ओर जाने के लिए यह ओवर ब्रिज हमारे लिए बहुत सुविधाजनक है। स्टेशन क्षेत्र के आसपास दौड़भाग वाली जिंदगी से अलग इस पुल के माध्यम से आसानी से मुलुंड पश्चिम - मुलुंड पूर्व की ओर जा सकते हैं। लेकिन अब इस पुल को बंद कर दिया गया है। यह कब शुरू होगा इसकी जानकारी भी यहां नहीं दी गई है। अब हमें रेलवे प्लेटफार्म पर जाकर आगे बने पुल से जाना पड़ेगा और कभी-कभी इस ब्रिज पर रेल यात्री के रूप में टिकट की मांग की जाती है।

**– रीटा गुप्ता**

"कई बार हम क्लास जाने के लिए इस फुटओवर ब्रिज का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अब इस पुल के अचानक बंद हो जाने से हमें फिर से रेलवे स्टेशन का चक्कर लगाकर आरआरटी रोड इलाके में जाना पड़ेगा। जिससे हमें असुविधा होती है लेकिन इस ओवर ब्रिज की मरम्मत भी उतनी ही जरूरी है।

**– आर्य कदम**

# बुजुर्ग महिला के गले से सोने की चेन छीनकर चोर रफूचक्कर

■ **होम टाइम्स टीम**

मुलुंड में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है जहां एक चोर दिन दहाड़े इमारत में घुस गया और एक वरिष्ठ महिला के गले से चेन खींचकर भाग गया। अब तक राह चलते अकेले व्यक्ति के गले से चोरी-छिपे मंगलसूत्र छीनकर भागने के कई मामले सामने आ चुके हैं। लेकिन अब ये चोर सीधे लोगों के घरों तक पहुंच गए हैं, जिससे मुलुंडकरों में चिंता का माहौल है। मुलुंड पश्चिम के तांबे नगर इलाके के एसएन रोड के पास ७४ साल की महिला शारदा बेन शाह किसी काम से अपने घर से बाहर गई थीं। २४ अक्टूबर को दोपहर करीब २:०० बजे वह दोबारा श्रीपाद बिल्डिंग में आई। वह घर जाने के लिए गेट परिसर में दाखिल हुई और दूसरी मंजिल पर घर की सीढ़ियां चढ़ते समय अचानक एक अज्ञात व्यक्ति उनके पीछे आया और शारदा बेन को धक्का देकर उनके गले से सोने की चेन छीनकर भाग गया। शारदा बेन ने चिल्लाने की कोशिश की लेकिन उनकी आवाज लोगों तक नहीं पहुंची। जब तक लोगों को इसकी जानकारी होती चोर भाग निकला। इस घटना के बाद शारदा बेन अपने परिजनों के साथ मुलुंड पुलिस स्टेशन पहुंची और इस अज्ञात चोर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल मुलुंड पुलिस चोर की तलाश कर रही है।

# कर्ज चुकाने के लिए कर्मचारी ने रची डकैती की झूठी साजिश

## पुलिस की चौकस निगाहों की वजह से सच आया सामने

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड पूर्व में कर्ज चुकाने के लिए मालिक के पैसे ठगने की घटना मुलुंड पूर्व में हुई है। कर्मचारी ने झूठी डकैती का नाटक रचा , वह एक दिन मालिक के पैसे घर ले गया और उसके पत्नी ने मालिक को फोन किया और बताया कि चार लोगों ने चाकू की नोक पर पैसे लूट लिए हैं। हालांकि, कर्मचारी की यह साजिश पुलिस की नजरों से छुपी नहीं रह सकी।

मुलुंड के एक कारोबारी का मुंबई के क्रॉफर्ड मार्केट में चॉकलेट का कारोबार है। इस काम को करने के लिए उनके पास चार लोग हैं। इसमें राहुल बुटक नाम का कर्मचारी भी शामिल था। राहुल कलेक्शन ब्वॉय का काम करता था। वह कलेक्शन इकट्ठा करने के लिए मुंबई भर में घूमता था और बाद में मुलुंड के व्यापारी के घर पर जमा करने के जाता था। २१ अक्टूबर को, वह हमेशा की तरह १६०,००० रुपये इकट्ठा करके व्यापारी के घर जाने के लिए निकला लेकिन वह कभी उनके घर नहीं पहुंचा। कुछ देर बाद राहुल की पत्नी का व्यापारी के पास फोन आया और उसने व्यापारी को बताया कि जब राहुल पैसों का बैग लेकर आपके घर आ रहा था, तभी नाहूर रोड, सीमेंट यार्ड इलाके में चार लोगों ने उसे पकड़ लिया और चाकू की नोक पर उससे नकदी छीनकर भाग गए। . यह जानकारी मिलने पर व्यापारी नवघर थाने पहुंचा और पुलिस को जानकारी दी। तदनुसार, पुलिस ने घटना के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए राहुल से पूछताछ शुरू की। राहुल के मुताबिक, उन्हें उस जगह ले जाया गया जहां घटना हुई थी। लेकिन वह जो स्थान और समय बता रहा था उसमें काफी अंतर था। तो पुलिस को उस पर शक होने लगा। इसी के तहत पुलिस ने उल्टी जांच शुरू की। आखिरकार राहुल पुलिस के सवालों की बौछार से बच नहीं सके और उसने पुलिस को सच्ची घटना बताई। उसने पुलिस के सामने स्वीकार किया कि उसने कर्ज का बोझ कम करने के लिए झूठी डकैत घटना रची थी। सच्चाई सामने आने के बाद पुलिस ने राहुल के पास से नकदी जब्त कर ली। उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस घटना की आगे की जांच कर रही है।

# मुलुंड के पार्लर में की जा रही थी जिस्मफरोशी

## पंतनगर पुलिस ने किया भंडाफोड़

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड के एक पार्लर में जिस्मफरोशी के व्यवसाय का भंडाफोड़ करते हुए दो महिलाओं को रेस्क्यू कर लिया गया। इस मामले में पार्लर के मैनेजर को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल मामले की अधिक जांच जारी है। पंतनगर पुलिस स्टेशन को यह गुप्त जानकारी मिली थी की मुलुंड पश्चिम राजा इंडस्ट्रियल एस्टेट स्थित विहा पार्लर में जिस्मफरोशी का व्यवसाय किया जा रहा है। जिसके बाद पुलिस दल में से एक व्यक्ति को फर्जी कस्टमर के तौर पर वहां भेजा गया और एक्स्ट्रा सर्विस के नाम पर जिस्मफरोशी किए जाने की जानकारी सामने आई। जिसके बाद घाटकोपर के पंतनगर पुलिस की ओर से यहां छापा मारते हुए दो महिलाओं को रेस्क्यू कर लिया गया। इतना ही नहीं इस मसाज पार्लर में से ७५ हजार से अधिक की रकम को भी जप्त कर लिया गया और इस जुर्म में अयान अख्तर हुसैन खान को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी अयान खान इस मसाज पार्लर का असिस्टेंट मैनेजर है। फिलहाल मुलुंड पुलिस इस मामले की अधिक जांच कर रही है।



# मुंबई को किया जाएगा बैनर फ्री, पालक मंत्री ने दिए आदेश

## एक महीने में मुलुंड में की गई १९० बैनर पर कार्रवाई



■ होम टाइम्स टीम

पालक मंत्री के आदेश के बाद मुलुंड सहित मुंबई भर में लगे अवैध बैनर पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मुलुंड टी वार्ड की तरफ से १९० से अधिक बैनर एक महीने में निकाले गए है और अभी भी यह मुहिम शुरू है।

मुंबई में त्योहारों के सीजन आते ही हर गली और नुक्कड़ पर अवैध तरीके से बैनर लगाकर प्रचार किया जाता है। बीते दिनों देश भर में जहां हर्ष और उल्लास के साथ, तो वहीं कई जगहों पर अवैध तरीके से बैनर लगाकर मुंबई की खूबसूरती को खराब किया गया। जिसके चलते पालक मंत्री की ओर से इन अवैध बैनर्स पर जल्द से जल्द कार्रवाई किए जाने के आदेश दे दिए गए। इसके बाद मुलुंड सहित मुंबई भर में अवैध बैनर को लेकर मुंबई महानगरपालिका की ओर से कार्रवाई शुरू कर दी गई। मुलुंड की बात करें तो मुलुंड के प्रमुख चौराहों और हाईवे से लेकर गलियारों तक कई संस्थानों, दुकानों एवं राजनीतिक पार्टियों की ओर से अवैध तरीके से बैनर लगाए जाते हैं। जिन पर टी वार्ड की तरफ से कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मुलुंड टी वार्ड की ओर से दिए गए आंकड़ों की माने तो १ अक्टूबर से लेकर २७ अक्टूबर यानी शुक्रवार तक मुलुंड पूर्व और पश्चिम से मिलाकर कुल १९० अवैध बैनर पर कार्रवाई की गई है। नाम न डालने की शर्त पर टी वार्ड में कार्यरत एक अधिकारी ने बताया कि आए दिन २० से लेकर ३५ अवैध बैनर पर टी वार्ड की तरफ से कार्रवाई की जाती है। मुलुंड में अभी भी कई ऐसे इलाके है जहां पर यह बैनर लगाए गए है, जिन पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# दोस्त ने महिला साथी के गले पर किया ब्लेड से वार

## नवरात्रि के समय घटित हुई घटना

■ होम टाइम्स टीम

मुलुंड में एक चौंकाने वाली घटना घटी है, जहां एक दोस्त ने नवरात्रि उत्सव के दौरान अपनी ही महिला दोस्त के गर्दन पर ब्लेड से वार कर दिया। उसने ऐसा इस बात से नाराज होकर किया कि यह युवती उससे बात क्यों नहीं कर रही है। देवी दर्शन करने आई एक युवती पर उसके ही दोस्त ने जानलेवा हमला किया।

मुलुंड पूर्व के आनंद नगर इलाके में रहने वाली २८ साल की लड़की की दोस्ती उसी इलाके के सलीम खान नाम युवक से थी। एक दिन आनंद नगर इलाके में सलीम उससे मिला। लेकिन वह उसे देखकर भी उससे कुछ नहीं बोली। उसके बाद जब सलीम दोबारा उसके घर के सामने से गुजरा तो भी उसने उससे कोई बात नहीं की। २१ अक्टूबर को, जब लड़की नवरात्रि उत्सव के दौरान देवी के दर्शन करने गई थी, तो सलीम उसके पास आया और उसे गाली देते हुए पूछा कि तुम मुझसे बात क्यों नहीं कर रही हो। इसके बाद उसने अपने हाथ में लिए ब्लेड को उसकी गर्दन पर घुमा दिया। जैसे ही वह खून से लथपथ होकर चिल्लाई, वह घबरा गया और मौके से भाग गया। इसके बाद युवती को इलाज के लिए मुलुंड के एम टी अग्रवाल अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर मुलुंड पुलिस ने सलीम खान के खिलाफ मामला दर्ज किया और सलीम को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में आगे की जांच शुरू है।

Helpline

सिटीजन रिपोर्टर
78956 78956

होम केबल
022 - 6614 6060

होम नेट
022 - 6621 1333
customerservice@homenet.net

होम टाइम्स
022 - 6614 6050
write2us@hometimes.in

विज्ञापन दें
होम टाइम्स
और
होम केबल
78957 78957
homecableads@gmail.com

उक्त जानकारी के लिए कृपया संबंधित नंबरों पर कॉल करें


## विज्ञापनदाताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना


साप्ताहिक होम टाइम्स में विज्ञापनदाताओं द्वारा विविध प्रकार के विज्ञापन प्रकाशित किये जा रहे हैं। इस विज्ञापन में जो भी टेक्स्ट छापा जाता है। उसकी पूरी जिम्मेदारी विज्ञापनदाता की है। इस बारे में पाठक खुद जांच परख ले। विज्ञापन के बारे में कानून या अन्य मामले में साप्ताहिक होम टाइम्स के व्यवस्थापन मालिक, मुद्रक, प्रकाशक और संपादक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। इस परध्यान दिया जाये।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक और संपादक




‘सुजोक’




डॉ. मोनिशा रावत

# मेनोपॉज- मूड़ स्विंग...

### उपचार और रोकथाम बिना किसी दवा के, प्राकृतिक तरीके से - ६

**यह ध्यान रखने की बात है कि मेनोपॉज कोई बीमारी नहीं है, बल्कि महिला के जीवन चक्र का एक महत्वपूर्ण चरण है।**



पेरिमेनोपॉज से मेनोपॉज के चरण के दौरान महिलाओं के एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन के प्रजनन हर्मोन के अचानक बढ़ने ओर घटने लगते हैं और धीरे-धीरे यह कम होने लगते है। ये हार्मोनल परिवर्तन महिलाओं के शरीर में सेरोटोनिन और नॉरपेनेफ्रिन के लेवल को भी प्रभावित कर सकते हैं जिससे ब्रेन केमिकल प्रभावित होते हैं। परिणामस्वरूप सुख में भी अचानक दुख महसूस होने लगता है। यह स्थिति कई लक्षणों को जन्म देती है जो शारीरिक के साथ-साथ मनोवैज्ञानिक भी होते है। इनमें से कई बदलावों का सीधा संबंध मेनोपॉज के दौरान होने वाले मूड स्विंग से होता है।

**लक्षण**

१. गुस्सा और चिड़चिड़ापन
२. ज्यादा चिंता
३. भूलने की बीमारी
४. आत्मविश्वास में कमी
५. सेडनेस (उदासी) और डिप्रेशन जैसे फिलिंग



६. एकाग्रता में कमी

**ट्रीटमेंट एवं रोकथाम**

हमारे ‘मोनिशाज मंत्रा’ में हमने मेनोपॉज चरण में कई महिलाओं को उनके मूड स्विंग की स्थिति से उबरने में मदद की है वह भी प्राकृतिक तरीके से बिना दवाई और बिना किसी साइड इफेक्ट के, निम्नलिखित तरीके से

१. योग-प्राणायाम, स्माईल मेडिटेशन, पेट से सांस लेने जैसी शांती प्रदान तकनीकों का प्रतिदिन अभ्यास करना।
२. हेल्दी आहार जैसे हरी पत्तेदार सब्जियां, नट्स, सीड्स, अंकुरित अनाज, दाल, बाजरा को शामिल करना जिससे आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होती है।
३. शराब, सफेद चीनी, प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ और एरियेटेड ड्रिंक्स से बचना।
४. रोजाना सुबह-शाम को वॉकिंग, स्ट्रेचिंग एक्सरसाईज के साथ एक्टिव रहना, जो मूड को बेहतर बनाने और फिट रहने में मदद करते हैं।

### सुजोक थैरापी




अ) एक्युप्रेशर- हाथ की किसी भी हथेली पर डायगनोस्टिक प्रोब अथवा अंगुठे से हार्ट से संबंधित पाइंट का पता लगाकर उसे प्रतिदिन ३-४ बार मसाज करना (चित्र १ में दर्शायेनुसार)




ब) सीड़ थैरापी - हाथ के अंगुठे के उपरी भीतरी हिस्से पर ब्रेन से संबंधित पाइंट पर मसाज करना और रात को सोने से पहले, उस पर चिपकाने वाले टेप पर हरी मटर के दाने लगाकर चिपकाना (चित्र २ में दर्शायेनुसार)

**इंटरनेशनल सुजोक असोसिएशन (ISA) सर्टिफाइड वर्कशाप शेड्युल**

१. ऑनलाइन इंटरनेशनल -मेरिडियन सुजोक- Ki (लेवल -II) 01/11 to 10/11/2023
२. ऑनलाइन-सुजोक-बेसिक (लेवल -I) 29/11 to 08/12/2023
३. रेसिडेंशियल, मेरिडियन सुजोक Ki (लेवल -II) 2/12 to 4/12/2023
४.ऑफलाइन-सुजोक-बेसिक Ki (लेवल -I) 09/12 to 11/12/2023
५. ऑनलाइन -मेरिडियन सुजोक- Ki (लेवल -II) 18/12 to 28/12/2023

LIMITED SEATS. REGISTRATION ON FIRST CUM FIRST BASIS CALL ON-8422948592/8655139777.


**डॉ. मोनिशा रावत- संस्थापक ‘मोनिशाज मंत्रा’मुंबई एवं ग्लोबल वी-केयर फाउंडेशन,** M.Sc., MD (Alternative Medicines), **लाइफ कोच, मास्टर इन सुजोक थैरापी, कन्सल्टिंग न्यूट्रीशनिस्ट, होलेस्टीक काउन्सलर, कारपोरेट ट्रेनर, सुजोक डायबिटीज स्पेशलिस्ट, इंटरनेशनल लेक्चरर फार ‘सुजोक एन्ड स्माईल ताई-जी’. ISA ऑथराईज्ड लेक्चरर फार लेवल -** I, II, III & IV

**Award Winner as a BEST PERFORMING TEACHER by International Sujok Association (ISA) – SIC 2019**
**NATIONAL EXCELLENCE HEALTH AWARD – 2019 During COVID-19**
**Award winner of Inernational Women Excellence Empowerment Award (WEE) – 2020 as a RISING STAR**
**Award winner of India Best Therapist Award for the Year 2021 by MKSS**
**Award Winner of ET CHANGE MAKER-2022 for Health & Wellness powered by Economic Times-Ascent & Navbharat Times**
**An ISO Certified Centre at Mumbai**
**Mulund- +91 8655139777/ 9029960086, Goregaon - +91 8433947592/9820343592**





सुनिता देसाई

# राशिफल

Saturday, 28th Oct to 3rd Nov 2023

२००३ से टैरोट रीडिंग कर रही हैं। इसके अलावा वे ग्रॅांड मास्टर इन रेकी, चार लेवल इन चक्रा मेडिटेशन, मास्टर इन मर्मा, जि.पी इन शियात्सु, क्रिस्टल और पिरामिड एक्सपर्ट, मास्टर ऍक्युप्रशरिस्ट,अरोमा थेरॉपिस्ट, प्राणिक हीलर, औरा रीडर और वर्च्यू प्रैक्टिश्नर हैं। व्यक्तिगत सलाह के लिए मिलें.


**+91 93234 30355 desaisunita02@gmail.com**




**मेष** (अ, ल, इ)
**भविष्यवाणी:** इस सप्ताह आपकी भावनाएँ समय-समय पर बदलती रहेंगी और आपके आसपास कुछ जटिल लोग होंगे।
**सलाह:** १) ध्यान और किसी पवित्र स्थान की यात्रा से आपको मदद मिलेगी। २) नारंगी रंग का प्रयोग करें और आसमानी रंग से बचें। ३) अपने आत्मविश्वास पर ध्यान दें।




**कर्क** (ड, च, ह)
**भविष्यवाणी:** आपको अच्छी रकम मिलेगी और उसका उचित उपयोग होगा।
**सलाह:** १) अधिक दयालु और उदार बनने का प्रयास करें। २) हरे रंग का प्रयोग करें और मिठाइयों से परहेज करें। ३) अपने भरोसे पर ध्यान दें।




**तुला** (र, त)
**भविष्यवाणी:** अपने प्रियजन और नजदीकी लोगों से बहुत सकारात्मक तरंगें महसूस होंगी। आपको आराम महसूस होगा। **सलाह:** १) जरूरतमंद लोगों को कुछ उपयोगी चीजें दान करें। २) अपने आप से और अपने आस-पास के लोगों से प्यार करें। ३) अपनी वित्तीय चीजों पर ध्यान दें।





**मकर** (ख, ज)
**भविष्यवाणी:** आप कई मामलों में खुद को शक्तिशाली महसूस करेंगे और लोग आपका समर्थन करेंगे।
**सलाह:** १) अपने पुराने कपड़े जरूरतमंद लोगों को दान करें। २) गुलाबी रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने लक्ष्य पर ध्यान दें।




**वृषभ** (ब, व, य)
**भविष्यवाणी:** आप कुछ नया सीखेंगे जो आपको कई मायनों में मदद करेगा। आपका वित्त ठीक है।
**सलाह:** १) जरूरतमंदों को कुछ इस्तेमाल की हुई चीजें दान करें। २) लाल रंग का प्रयोग करें और हरी चीजें खाएं। ३) अपने लालच पर ध्यान दें।





**सिंह** (म, ट)
भविष्यवाणी: आपके लंबे समय से प्रतीक्षित कार्य तेजी से पूरे होंगे। आपके लिए कुछ अच्छी ख़बरें हैं।
**सलाह:** १) नए लोगों से मित्रवत व्यवहार करें। २) अपने क्रोध और उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। ३) अपने आघात पर ध्यान दें।




**वृश्चिक** (न, य)
**भविष्यवाणी:** आप अपना काम पूरा करने के लिए यात्रा करेंगे और पूर्ण संतुष्टि मिलेगी।
**सलाह:** १) बेकार की चीज़ों में अपनी ऊर्जा बर्बाद न करें। २) अपनी कीमती चीजों का ख्याल रखें। ३) अपने चरित्र पर ध्यान दें।




**कुंभ** (ग, स, श)
**भविष्यवाणी:** कई बार आप भ्रमित हो जाएंगे, सफलता तो मिलेगी लेकिन कुछ अतिरिक्त दबाव के साथ।
**सलाह:** १) कुछ भी नया करने से पहले दो बार सोचें। २) लाल रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने प्यार और देखभाल पर ध्यान दें।




**मिथुन** (क, च, ज)
**भविष्यवाणी:** आपको अपनी परिस्थितियों या समस्याओं पर विजय मिलेगी और शांति मिलेगी।
**सलाह:** १) किसी ऐसे व्यक्ति से मदद लें जिस पर आपको भरोसा हो। २) पीले रंग और सोने के आभूषणों का प्रयोग करें। ३) अपने निर्णयों पर ध्यान दें।




**कन्या** (प, ठ, ण)
**भविष्यवाणी:** किसी न किसी कारण से आप प्रसन्न रहेंगे। सब कुछ आपकी योजना के तहत है।
**सलाह:** १) अपने शुभचिंतकों का सहयोग करें। २) लोगों की नियत पर शक न करें। ३) अपनी नकारात्मकता पर ध्यान दें।




**धनु** (भ, ड, फ, ठ)
**भविष्यवाणी:** इस सप्ताह धन में कुछ सुधार होगा और आपका दृष्टिकोण आपकी मदद करेगा।
**सलाह:** १) नकारात्मक होने पर अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें। २) पीले रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने काम पर ध्यान दें।




**मीन** (द, च, झ)
**भविष्यवाणी:** मानसिक शांति और संतुष्टि पाने का कोई बेहतर तरीका आपको मिलेगा।
**सलाह:** १) बहस से बचें और लोगों की राय समझने की कोशिश करें। २) गहरे नीले रंग की चीजों का प्रयोग करें। ३) अपने विश्वास पर ध्यान दें।

# मुलुंड पुलिस स्टेशन क्षेत्र में बाइक चोर गिरफ्तार

## नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने किया चोरी का खुलासा

■ होम टाइम्स टीम

लगभग चार महीने की नाकेबंदी के भीतर मुलुंड पुलिस को एक बाइक चोर का पता ढूंढने में मदद मिली है। मुलुंड पुलिस ने बाइक चोर को गिरफ्तार किया है और उसने यह बाइक चार महीने पहले मुलुंड रेलवे स्टेशन से चुराई थी।

२४ तारीख को दोपहर के समय मुलुंड पुलिस की एक टीम हमेशा की तरह मुलुंड चेक पोस्ट इलाके में नाकाबंदी के दौरान वाहनों की जांच कर रही थी। तभी एक काले रंग की बजाज पल्सर उनके सामने रुकी। जब पुलिस ने देखा कि बजाज पल्सर के अगले हिस्से पर नंबर प्लेट के साथ छेड़छाड़ की गई है, तो उन्होंने बाइक चालक से इस संबंध में पूछताछ की। लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। चोरी पकड़े जाने के शक में बाइक सवार ने मौके से भागने की कोशिश की। लेकिन गश्त पर निकली पुलिस ने उसे धरदबोचा और उसे मुलुंड पुलिस स्टेशन ले आई। जब उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसने उक्त बाइक मुलुंड रेलवे स्टेशन से चोरी की है। ११ जुलाई को मुलुंड पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई थी कि मुलुंड स्टेशन क्षेत्र में एक पार्किंग स्थल से एक काले रंग की पल्सर चोरी हो गई है। पुलिस जांच में पता चला कि उक्त बाइक वही पल्सर है। आखिरकार चार महीने बाद इस अपराध की गुत्थी सुलझ गई। नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने इस चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी का नाम मारुति घोगरे है और मुलुंड पुलिस फिलहाल इस बात की जांच कर रही है कि उसने ऐसे और कितने अपराध किए हैं।

# मुलुंड में 'एक फूल दो माली..'

## एक युवती को लेकर दो युवक आपस में भिड़ गए

■ होम टाइम्स टीम

बताओ तुम हम में से किससे प्यार करती हो? ऐसा पूछते हुए मुलुंड थाना क्षेत्र में एक युवती को लेकर दो युवकों के बीच मारपीट की घटना घटित हुई है। हाथ में चाकू लेकर पीछा करना किसी एक्शन फिल्म के सीन जैसा लग रहा था। जिस लड़की के लिए यह मारपीट हो रही थी उस युवती पर भी चाकू से हमला करने की कोशिश की गई। लेकिन फेरीवालों की बहादुरी से आगे अनहोनी टल गई।

शाम करीब साढ़े चार बजे मुलुंड पूर्व रेलवे स्टेशन इलाके में शिवसेना शाखा के सामने एक युवती खड़ी थी। कुछ देर बाद दो युवक वहां आए। दोनों ने युवती से पूछा कि वह किससे प्यार करती है। इससे उसके सामने खड़े दोनों युवकों के बीच बहस हो गई। बाद में बहस हाथापाई में बदल गई। सड़क से गुजर रहे लोग ये सब देख रहे थे।

विवाद कर रहे दोनों युवकों में से एक ने तरबूज के स्टॉल पर रखा चाकू अपने हाथ में ले लिया और दूसरे युवक पर चला दिया। जिसे देख युवक जान बचाने के लिए सड़क पर भागने लगा। दोनों पीछा करने लगे ,यह देख युवती भी उनके पीछे भागने लगी। कुछ फेरीवालों ने देखा कि तीनों एक के पीछे एक भाग रहे थे। कुछ देर बाद युवती ने हाथ में चाकू लिए युवक को पकड़ लिया। लेकिन गुस्से में उसने लड़की को चाकू मारने की कोशिश की। जैसे ही वह उसे चाकू मारने वाला था, उसी इलाके के शांताराम बोंबले नाम के एक व्यक्ति और अन्य फेरीवालों ने उसे पकड़ लिया और उसके हाथ से चाकू छीन लिया। फिर पुलिस को बुलाया गया। १५ मिनट के अंदर मुलुंड नवघर पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। हाथ में चाकू लेकर पीछा कर रहे युवक और दो अन्य को पुलिस ने हिरासत में ले लिया और नवघर पुलिस स्टेशन ले आई। इस बीच यदि फेरीवालों ने समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया होता तो प्रेम में डूबा युवक निश्चित तौर पर युवती और दूसरे युवक को चाकू मार देता। लेकिन फेरीवालों की बहादुरी और स्थानीय लोगों की पहल से एक बड़ा हादसा टल गया।

# मुलुंड में सोने की दुकान से की गई जेवरात की चोरी

## पुलिस ने शुरू की आरोपियों की तलाश

■ होम टाइम्स टीम

अंधेरे का फायदा उठाकर मुलुंड में सोने के जेवरात की दुकान से ८ लाख रुपये से अधिक के जेवरात की चोरी करने का मामला सामने आया है। फिलहाल अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पुलिस की ओर से मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है।

मुलुंड पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ४८ वर्षीय शिकायतकर्ता रमेश जैन मुलुंड का रहिवासी है और मुलुंड पश्चिम जे एन रोड पर सोने की जेवरात के दुकान का मालिक है। २५ अक्टूबर को शिकायतकर्ता हर दिन की तरह रात को ९ बजे अपनी दुकान बंद कर के घर चला गया था। अगले दिन जब शिकायतकर्ता ने सुबह ९ बजे अपनी दुकान खोली तब उसने देखा की दुकान के पीछे लगा ग्रिल टूटा हुआ है और दुकान में रखे गए ८ लाख रुपए के सोने के आभूषण भी गायब है। जिसके बाद शिकायतकर्ता ने तुरंत मुलुंड पुलिस स्टेशन में जाकर इस घटना की जानकारी दी। मुलुंड पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा ३८०,४५४,और ४५७ के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले कीअधिक जांच मुलुंड पुलिस की तरफ से की जा रही है।

CALL CENTER
**022 66211333**

E-MAIL ID
**customerservice@homenet.net**

FACEBOOK MESSENGER
**HomeNet / @homenet.net**

**Facebook Messenger Scan Code:**
To get in touch, simply scan a code using the Messenger app.

**HOME NET**
**www.homenet.net**

WOW!
DOUBLE MAZZA!!
uploads & downloads
at same speed, since 2010
now @ ₹194/-*

Pay For 6 Months & Get Additional 7 Months Free

67 PE OFFER

## TRULY UNLIMITED SPEED PLANS

| PLAN NAME | 30 DAYS RATE | | 390 DAYS |
|---|---|---|---|
| 20 Mbps Unlimited | 500/- | NOW 231/-* | 3000/- |
| 30 Mbps Unlimited | 600/- | NOW 276/-* | 3600/- |
| 40 Mbps Unlimited | 720/- | NOW 332/-* | 4320/- |
| 50 Mbps Unlimited | 850/- | NOW 392/-* | 5100/- |
| 60 Mbps Unlimited | 985/- | NOW 455/-* | 5910/- |

## UNLIMITED POWER PLANS

| PLAN NAME | DATA(GB) | SPEED AFTER DC | 30 DAYS RATE | | 390 DAYS |
|---|---|---|---|---|---|
| 40 Mbps till Allotted Data | 250 | 20 Mbps | 600/- | NOW 277/-* | 3600/- |
| 60 Mbps till Allotted Data | 500 | 30 Mbps | 750/- | NOW 346/-* | 4500/- |

UPLOAD OR DOWNLOAD @SAME SPEED
99% UPTIME

- Affordable Rates
- Super speed Upto 100 mbps
- Customer support Android / IOS app
- Online Payments
- Customer care 9 am - 12 midnight

67 PE OFFER

## NEWLY LAUNCHED - FIBER TO THE HOME TECHNOLOGY

**HOME FIBER**
powered by HomeNet

UNLOCK YOUR SUPERPOWER

## INTRODUCTORY HOME FIBER PACKS

UPGRADE YOUR EXISTING HOME NET TO
NEW FIBERNET EXPERIENCE WITH
ZERO INSTALLATION COST**
For New Customers installation charges of Rs.500/-* applicable

## HOME FIBER TRULY UNLIMITED SPEED PACKS

| PACK NAME | DATA(GB) | SPEED AFTER DC | EFFECTIVE MONTHLY RATE | 360 DAYS |
|---|---|---|---|---|
| 35 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 337/-* | 4040/- |
| 50 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 421/-* | 5050/- |
| 75 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 505/-* | 6060/- |
| 100 Mbps HomeFiber | UNLIMITED | NA | NOW 589/-* | 7070/- |

Many more Speed Pack options available up to 500 Mbps

** offer available only at the FTTH G / EPON Ready Building

TO AVAIL THIS
INTRODUCTORY OFFER
IN YOUR SOCIETY
PLEASE COME TO US WITH
A MINIMUM GROUP OF
15 CONNECTIONS

- SYMMETRIC SPEED
- SUPER SPEED PACK UP TO 500MBPS
- EASY LOCAL APPROACH FOR ISSUE RESOLUTION
- FASTER VISITS FOR TECHNICAL SOLUTIONS
- NO VISIT CHARGES FOR ISSUES & COMPLAINTS

Customer Portal **login.homenet.net**
Customer Service Mobile App **Log2Space - HomeNet**
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

FOR NEW CONNECTIONS OR QUERIES CALL
**Call - 75067 96562, 88790 00724, 88790 00720, 88794 47839**
**MULUND** - A / 16, Gaurav Annex, R.R.T Road, Mulund (W), Mumbai - 400 080. Tel.: 022 662 11 333

MALAD • COLABA • VASHI • NERUL • THANE • AIROLI • ASANGAON • VASIND

*conditions apply


Printer, Publisher& Owner : **Hemanshu Girish Kothari**& Printed at Dangat Media Pvt. Ltd, Plot No.22, Digha MIDC, Vishnu Nagar, TTC Industrial Area, Digha, Navi Mumbai. Published at G/4, Landmark Appartment, Devidayal Cross Road, Mulund (W), Mumbai - 80.**Home Times** (Office): - 6th Floor, Flora Point, S.N. Road, Near Mulund Court, Mulund (W), Mumbai-80. **Editor : Hemanshu Girish Kothari** ● **RNI No. MAHHIN/2016/75969**